# University in News on 29 December 2021

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

100 Years 1920-2020

**NBT PAGE 6**

## लविवि : 51 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट

■ **एनबीटी, लखनऊः** लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के 51 विद्यार्थियों का टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में प्लेसमेंट हो गया है। कंपनी ने बीटेक विद्यार्थियों को 3.36 लाख और एमसीए के विद्यार्थियों को 3.53 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया है।

चयनित विद्यार्थियों में सत्र 2021-22 के अभिषेक शुक्ला, अंकिता रघुवंशी, अंशुमान राय, अविनाश सिंह, आयुष्मान दुबे, भास्कर पंत, ईशा श्रीवास्तव, प्रतीक शुक्ला, प्रियंका ठाकुर, सौरभ कुमार कनौजिया, शिवांश चित्रवंशी, सिद्धार्थ सिंह, सृजन अग्रवाल, सुमेधा सिंह, सुयश सक्सेना, अमृता पांडेय, हर्षित कुमार श्रीवास्तव, निखिल अग्निहोत्री, संकल्प राय, श्रेया कुशवाहा, श्वेताभ सिंह, सुजाता यादव, आशुतोष मौर्य, ऋषभ गुप्ता, अमन कुमार, मरिया सुल्ताना, सचिन देव, शशांक यादव, अभिषेक कुमार गुप्ता, नितेश कुमार पांडेय, उदित तिवारी, नितांशी गुप्ता, मुनाजा सफदर, आकाश पाल शामिल हैं। इसके साथ ही सत्र 2020-21 के विद्यार्थियों में अभय वर्मा, सौरव चौरसिया, विजय प्रजापति, प्रियांशु मौर्या, सनी कश्यप, अभिषेक कुमार, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, विकास पटेल, हर्षित गौरव, किशन मौर्या, देवव्रत शुक्ला, कु. शाल्वी, ऋषिका श्रीवास्तव, आशुतोष कुमार सिंह, अंशु शर्मा, तोशांक राज श्रीवास्तव, हिमांशु मिश्रा का चयन हुआ है। प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन डॉ. हिमांशु पांडेय ने किया था।



## लविवि : इंजीनियरिंग, एमबीए के 77 छात्रों को मिला प्लेसमेंट

**लखनऊ।** विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के बीटेक व एमसीए के 51 छात्रों का टीसीएस व एमबीए के 26 विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ है। खास ये कि विद्यार्थियों को अधिकतम 11 लाख सालाना का पैकेज भी मिला है।

विवि के व्यापार प्रशासन विभागाध्यक्ष डॉ. संजय मेधावी के अनुसार एमबीए के 10 विद्यार्थियों का चयन ऑनलाइन पढ़ाई कराने वाली कंपनी बायजूज में हुआ है। इन विद्यार्थियों को 11 लाख का पैकेज ऑफर किया गया है। वहीं, 15 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक में हुआ है। इनको 3.75 लाख सालाना का पैकेज मिलेगा। एक छात्र का चयन आईटीसी में हुआ है, जिनको 4.05 लाख सालाना का पैकेज दिया जाएगा। वहीं, इंजीनियरिंग संकाय के डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक व एमसीए के 51 छात्रों का टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में प्लेसमेंट हुआ है। इसमें सत्र 2021-22 के 34 व सत्र 2020-21 के 17 छात्र शामिल हैं। इनका चयन असिस्टेंट सिस्टम इंजीनियर ट्रेनी के पद पर हुआ है। कंपनी ने बीटेक छात्रों को 3.36 लाख और एमसीए छात्रों को 3.53 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया गया है। प्लेसमेंट पाए विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने एक साथ इतनी संख्या में हुए प्लेसमेंट पर खुशी जताई। (माई सिटी रिपोर्टर)

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

चर्चा | लविवि के तिलक गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं ने बेबाकी से कहा, छेड़खानी, दुष्कर्म पर हो सख्त कार्रवाई

## महिला सशक्तीकरण के प्रयास काफी, पर जागरूकता जरूरी

**कैम्पस अड्डा**

लखनऊ। महिला सशक्तीकरण के लिए सरकार या अन्य स्तर पर काफी प्रयास हो रहे हैं। महिलाओं की सुरक्षा, विकास व स्वास्थ्य को लेकर भी कवायद चल रही है, जिससे उन्हें पुरुषों से बराबरी का अवसर मिला है। हालांकि, इसके बाद भी काफी महिलाएं, लड़कियां अपने अधिकारों, कानूनों को लेकर जागरूक नहीं हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं। ऐसे में शिक्षा ही महिलाओं के सशक्तिकरण का बड़ा हथियार बन सकती है। जब लड़कियां साक्षर होंगी तो अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होंगी और तभी सशक्त भी होंगी। रेप, छेड़खानी जैसी घटनाओं पर त्वरित और सख्त कार्रवाई हो। अमर उजाला के कैंपस अड्डा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को *अक्षय कुमार* ने लविवि के तिलक गर्ल्स छात्रावास में छात्राओं से चर्चा की और उनकी राय जानी।





"महिलाओं की सुरक्षा बढ़ी है। कैंपस में भी अब हम खुद को सेफ महसूस करते हैं। हालांकि, अब भी लोगों की मानसिकता नहीं बदली है। जब बेटी पैदा होती है तो वे उसे बेटे की तरह पालने की बात करते हैं, ऐसा क्यों है? **-दीक्षा श्रीवास्तव,** बीकॉम ऑनर्स



"ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं सशक्त नहीं हो पा रही हैं। बाल विवाह रोकने का कानून है, लेकिन अब भी यह कुप्रथा जारी है। महिलाओं का शारीरिक शोषण भी नहीं रुक रहा है। ऐसे में नियम-कानून के सख्ती से पालन की जरूरत है। **-रंजना कुशवाहा,** बीए



"ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। बिना पढ़े कोई भी महिला या पुरुष सशक्त नहीं हो सकता है। वहीं, पढ़ाई के लिए मोबाइल, इंटरनेट आदि सुविधाओं की तरफ ध्यान देना होगा। **-रुचि कुमारी,** बीए



"हाल में पास अध्यादेश में लड़कियों की शादी की उम्र भी 21 वर्ष करने की बात कही गई है। इससे हमें काफी बराबरी का दर्जा मिला है, लेकिन अब भी कुछ और करने की जरूरत है। तभी बेटियां सही रूप में सशक्त हो सकेंगी। - **श्रद्धा सिंह,** बीए



लड़कियों को शाम होते ही हॉस्टल या घर आने को कहा जाता है। ऐसा क्यों है कि दिन ढलते ही वे असुरक्षित हो जाती हैं। हम लाइब्रेरी में भी पांच बजे के बाद किसी लड़की को खोजने लगते हैं। छेड़खानी, रेप जैसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई न होने से ऐसा करने वालों के हौसले बुलंद होते हैं।" **-आस्था दीक्षित,** बीए



"महिलाओं को बिजनेस आदि जगहों पर निर्णय लेने वाले पद नहीं दिए जाते। कहीं न कहीं पुरुष उनके निर्णय स्वीकार नहीं करते हैं। महिलाओं को बेहतर भुगतान नहीं दिया जाता है। ऐसे लोगों की सोच बदलने की जरूरत है। **-श्वेता सिंह,** बीकॉम



"महिला-पुरुष के अधिकार बराबर होने चाहिए। उन्हें खुद फैसले लेने का हक मिले। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, 1090 हेल्पलाइन जैसी योजनाएं व प्रयास हुए हैं। हालांकि, महिलाएं अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हैं। **-वैष्णवी जायसवाल,** बीकॉम



"महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें मानसिक के साथ शारीरिक रूप से भी मजबूत बनाना होगा। उन्हें स्कूल, कार्यस्थल आदि जगहों पर सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी जाए। **-तूलिका राय,** बीकॉम ऑनर्स



"बेटियों को शिक्षित करने और लोगों की मानसिकता बदलने के प्रयास करने चाहिए। अब भी 81% पुरुष व 60% महिलाएं ही साक्षर हैं। अधिकतर महिलाएं कृषि व घर के कामों में उलझकर रह जाती हैं। **-रिया सिंह,** बीकॉम



"महिलाओं को सशक्त करने वाले कई नियम-कानून हैं। बावजूद, भ्रूण हत्या होती है और बिना दहेज के शादी नहीं होती। 21 साल में शादी जैसे सुधार बेहतरी की तस्वीर दिखाती हैं। **-जयति,** बीए



"बेटियों को पढ़ाने और आगे बढ़ाने की बातें चुनाव तक ही याद रहती हैं। इसके बाद बस भूल जाते हैं। बेटियों को घर की इज्जत कहा जाता है लेकिन घर में ही उसकी इज्जत नहीं होती है। **-मोहिनी,** बीकॉम

**i-NEXT PAGE 4**

## मिली नौकरी तो खिले चेहरे

### एलयू के इंजीनियरिंग और एमबीए के 77 स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट

CONCEPT PIC



**LUCKNOW (28 Dec, inext):** लखनऊ यूनिवर्सिटी के 77 स्टूडेंट्स का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है. इनमें डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के एमबीए के 26 और इंजीनियरिंग संकाय के 26 स्टूडेंट्स शामिल हैं. सर्वाधिक 11 लाख रुपए एनुअल के पैकेज पर एमबीए के 10 स्टूडेंट्स का चयन हुआ है. यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 11 लाख के एनुअल पैकेज के लिए एमबीए के उत्कर्ष गुप्ता, प्रतिमा विश्वकर्मा, आंचल, आशीष, अंजलि सिंह, गीतांजलि, मृनाली आनंद, पूनम यादव, दिव्यांश कुमार श्रीवास्तव व कनिका बिष्ट का चयन हुआ है. इनके अलावा 4.05 लाख के वार्षिक पैकेज पर फैजान रिजवी व 3.75 लाख के वार्षिक पैकेज पर आदित्य विश्वकर्मा, अमन, आंचल, अनिमेष, अंशिका, दिव्या, मनीष, मो. हैदर जैदी, नीरज कुमार सोनी, प्रगति, प्रखर, साक्षी, सौरभ सेठ, शुभम व स्वाति चुने गए हैं. वहीं इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के बीटेक व एमसीए के 51 का चयन हुआ है. इनमें अभिषेक शुक्ला, अंकिता रघुवंशी, अंशुमान राय, अविनाश सिंह, आयुष्मान दुबे, भास्कर पंत, ईशा श्रीवास्तव, प्रतीक शुक्ला, प्रियंका ठाकुर, सौरभ कुमार कनौजिया, शिवांश चित्रवंशी, सिद्धार्थ सिंह, सृजन अग्रवाल, सुमेधा सिंह, सुयश सक्सेना, अमृता पांडेय, हर्षित कुमार श्रीवास्तव, निखिल अग्निहोत्री, संकल्प राय, श्रेया कुशवाहा, श्वेताभ सिंह, सुजाता यादव, आशुतोष मौर्य, ऋषभ गुप्ता, अमन कुमार, मरिया सुल्ताना, सचिन देव, शशांक यादव, अभिषेक कुमार गुप्ता, नितेश, उदित तिवारी, नितांशी, मुनाजा सफदर, आकाश पाल, अभय वर्मा, सौरव, विजय, प्रियांशु मौर्या, सनी कश्यप, अभिषेक कुमार, सिद्धार्थ, विकास पटेल, हर्षित, किशन मौर्या, देवब्रत, शाल्वी, ऋषिका श्रीवास्तव, आशुतोष, अंशु शर्मा, तोशांक राज, हिमांशु का चयन असिस्टेंट सिस्टम इंजीनियर ट्रेनी के पद पर हुआ.

**JAGRAN CITY PAGE I**

## 10 विद्यार्थियों को 11 लाख का पैकेज

### लखनऊ विश्वविद्यालय के 77 विद्यार्थियों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट एमबीए के 26 और इंजीनियरिंग के 51 विद्यार्थियों का भी चयन

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के 77 छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। इनमें डिपार्टमेंट आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के एमबीए पाठ्यक्रम के 26 और इंजीनियरिंग संकाय के 26 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। सर्वाधिक 11 लाख रुपये वार्षिक के पैकेज पर एमबीए के 10 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 11 लाख के वार्षिक पैकेज के लिए एमबीए के उत्कर्ष गुप्ता, प्रतिमा विश्वकर्मा, आंचल गुप्ता, आशीष मिश्रा, अंजलि सिंह, गीतांजलि श्रीवास्तव, मृनाली आनंद, पूनम यादव, दिव्यांश कुमार श्रीवास्तव व कनिका बिष्ट का चयन हुआ है। इनके अलावा 4.05 लाख के वार्षिक पैकेज पर फैजान रिजवी व 3.75 लाख के वार्षिक पैकेज पर आदित्य विश्वकर्मा, अमन सिंह, आंचल अग्रवाल, अनिमेष, अंशिका चौरसिया, दिव्या सिंह, मनीष श्रीवास्तव, मो. हैदर जैदी, नीरज कुमार सोनी, प्रगति सिंह, प्रखर निगम, साक्षी, सौरभ सेठ, शुभम वर्मा व स्वाति वर्मा चुने गए हैं।

**इंजीनियरिंग में ये चुने गए :** इंजीनियरिंग संकाय के बीटेक एवं एमसीए के 51 छात्रों का चयन हुआ है। इनमें अभिषेक शुक्ला, अंकिता रघुवंशी, अंशुमान राय, अविनाश सिंह, आयुष्मान दुबे, भास्कर पंत, ईशा श्रीवास्तव, प्रतीक शुक्ला, सौरभ कनौजिया, सृजन अग्रवाल, सुमेधा सिंह, सुयश सक्सेना, अमृता पांडेय, हिमांशु मिश्रा का चयन असिस्टेंट सिस्टम इंजीनियर ट्रेनी के पद पर हुआ। बीटेक छात्रों को 3.36 लाख प्रतिवर्ष और एमसीए के छात्रों को 3.53 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज आफर किया गया।

## बीटेक, एमसीए के सेमेस्टर एग्जाम के एडमिट कार्ड जारी

**LUCKNOW (28 Dec):** लखनऊ यूनिवर्सिटी ने इंजीनियरिंग संकाय में संचालित बीटेक, बीसीए और एमसीए कोर्स के ऑड सेमेस्टर एग्जाम के एडमिट कार्ड जारी कर दिये हैं। छात्र-छात्राएं यूनिवर्सिटी की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं, एग्जाम एक जनवरी से शुरू होंगे। बीटेक में तीसरे, पांचवें, सातवें, बीसीए और एमसीए में तीसरे व पांचवें सेमेस्टर के एग्जाम होंगे।